दिन– रविवार दिनांक– 14 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने कहा है कि पिछले बारह वर्षों में देश की स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री नड्डा ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान आरोग्य मंदिर और अन्य डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के जरिए अधिक लोगों तक इलाज की सुविधा पहुंच रही है। श्री नड्डा ने कहा कि देश में एम्स की संख्या एक से बढ़कर तेईस हो गई है। वहीं, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत आज दुनिया की कई सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बीमारी के कारण किसी परिवार पर आर्थिक बोझ न पड़े।

————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज पटना स्थित विद्युत भवन में ऊर्जा विभाग की एक हजार दो सौ अठहत्तर करोड़ रूपये की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। श्री चौधरी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत एक हजार पांच सौ बारह करोड़ रूपये की लागत से ढ़ाई लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के कार्य का शुभारंभ भी करेंगे। इधर, मुख्यमंत्री ने खरीफ महाअभियान दो हजार छब्बीस के तहत किसान जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस वाहन के माध्यम से राज्य के विभिन्न जिलों में जाकर किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत खेती, आधुनिक कृषि तकनीकों तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी।

————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नालंदा की बावनबूटी साड़ी, गया के पत्थर कट्टी स्टोन क्राफ्ट और भोजपुर की पिढ़िया पेंटिंग को जीआई टैग मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त

की है। उन्होंने कहा है कि यह उपलब्धि राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक कला और शिल्प को राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने वाली है।

————————————————————————

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कल बिहार के गया–जी जिले के खिजरसराय में एक नए प्रौद्योगिकी केंद्र की आधारशिला रखेंगे। यह केंद्र एक सौ सत्तर करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य प्रतिवर्ष सात हजार युवाओं को प्रशिक्षण देना और रोजगार सेवाओं के माध्यम से प्रति वर्ष एक हजार से अधिक उद्यमियों को सहायता प्रदान करना है।

————————————————————————

प्रदेश के सभी जिलों में स्थित केन्द्रों पर आज मद्य निषेध सिपाही, कक्षपाल और चलंत दस्ता सिपाही भर्ती के लिए लिखित परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है। केन्द्रीय सिपाही चयन पर्षद के अनुसार इस परीक्षा के माध्यम से चार हजार दो सौ से अधिक पदों पर बहाली होगी। इन पदों पर बहाली के लिए अगली परीक्षा सत्रह जून को होगी।

————————————————————————

सिपाही भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों ने पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर जमकर हंगामा किया। पर्याप्त ट्रेन सेवाएं उपलब्ध नही होने से नाराज छात्रों ने स्टेशन परिसर में तोड़फोड़ और पथराव किया। इससे रेलवे की संपत्ति को नुकसान पहुंचा। पटना के पुलिस महानिरीक्षक जीतेन्द्र राणा ने बताया कि पुलिस के हस्तक्षेप से हंगामे को काबू में कर ट्रेनों का परिचालन सामान्य किया गया।

————————————————————————

प्रदेश में मानसून की उत्तरी सीमा अभी मुजफ्फरपुर से होकर गुजर रही है। मानसून के प्रभाव से कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और आस–पास के जिलों में मूसलाधार बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले चौबीस घंटों में प्रदेश

के अधिकतर हिस्सों में बारिश की संभावना है। इस दौरान वज्रपात के साथ चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। इधर, विभाग ने अगले दो घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण जिले के गौनाहा, चनपटिया, नरकटियागंज, लौरिया और सिकटा सहित अन्य प्रखंडों में बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

———————————————————————

नालंदा जिले के छबीलापुर थाना क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज के पास आज हुए भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत घटनास्थल पर हो गई जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

———————————————————————

समाप्त